स्ट्रेचर नहीं मिला तो मरीज को लेकर वार्ड तक पहुंच गया ई-रिक्शा

इससे पहले बाइक से भी पहुंचाया जा चुका है मरीज, जिला चिकित्सालय प्रबंधन के हाल बेहाल

नवभारत न्यूज

सतना,2 अगस्त, जिला चिकित्सालय में रविवार को एक इलेक्ट्रिक ऑटो के हड्डी वार्ड के सामने तक पहुंचने से कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। सुरक्षा गार्डों ने ऑटो चालक को पकड़कर पुलिस चौकी के हवाले कर दिया, लेकिन जब पूरी कहानी सामने आई तो यह मामला सुरक्षा चूक से ज्यादा अस्पताल की बदहाल व्यवस्था और एक ऑटो चालक की इंसानियत की मिसाल बनकर सामने आया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार मरीज संतोष अग्रवाल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में उनका पैर टूट गया है और उनका ऑपरेशन होना है। फिलहाल खून की कमी के कारण उन्हें वार्ड क्रमांक-4 में भर्ती किया जाना था। मरीज के मुताबिक वह अस्पताल में अकेले थे और मेन गेट पर उन्हें वार्ड तक ले जाने के लिए न तो स्ट्रेचर मिला और न ही कोई सहयोगी। ऐसे में उन्होंने ऑटो चालक से वार्ड तक छोड़ने की गुजारिश की। मरीज की परेशानी को देखते हुए चालक ने मानवता दिखाते हुए ऑटो सीधे वार्ड के गेट तक पहुंचा दिया। हालांकि अस्पताल के अंदर ऑटो पहुंचते ही सुरक्षा गार्ड सक्रिय हुए और चालक को पकड़कर पुलिस चौकी ले गए जहां उससे पूछताछ की गई। मामले में सिविल सर्जन डॉ अमर सिंह ने बताया कि "दोपहर एक ई रिक्शा चालक मरीज को लेकर अस्पताल के अंदर प्रवेश कर गया था. जिसे हमारे सुरक्षा गार्ड ने पकड़कर अस्पताल पुलिस चौकी के हवाले कर दिया. लोग जबरदस्ती कभी बाइक तो कभी ई रिक्शा लेकर अस्पताल के अंदर घुस रहे हैं. वहीं इस मामले पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है."

व्यवस्था पर फिर उठे सवाल

यह घटना जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करती है। यदि प्रवेश द्वार पर मरीजों के लिए समय पर स्ट्रेचर और सहायक कर्मचारी उपलब्ध होते तो शायद ऑटो चालक को ऐसा कदम उठाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। गंभीर मरीज को तत्काल इलाज दिलाने की कोशिश में चालक ने नियमों का उल्लंघन जरूर किया लेकिन उसका उद्देश्य केवल मरीज की मदद करना था।

पहले भी यही थी वजह

यह पहली बार नहीं है जब अस्पताल की अव्यवस्था के कारण किसी वाहन को वार्ड तक ले जाना पड़ा हो। इससे पहले 30 मई को भी स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं होने पर एक युवक अपने मरीज को लेने बाइक से फर्स्ट फ्लोर स्थित वार्ड तक पहुंच गया था। उस समय मरीज को रीवा रेफर किया जाना था और तत्काल स्थिति को देखते हुए परिजन को केवल समझाइश देकर जाने दिया गया था।

सुनिश्चित हो आधारभूत सुविधा

दोनों घटनाएं यह बताती हैं कि समस्या केवल सुरक्षा व्यवस्था की नहीं, बल्कि मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी है। जब जरूरतमंद मरीज को समय पर स्ट्रेचर नहीं मिलता, तब परिजन और मददगार लोग मजबूरी में ऐसे कदम उठाते हैं। ऐसे में नियमों के पालन के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी मरीज को इलाज तक पहुंचने के लिए इस तरह की मजबूरी का सामना न करना पड़े।

हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई में समितियों को नोटिस

कम अनाज का मामला

नवभारत न्यूज

सतना 2 अगस्त, उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में कथित लापरवाही को लेकर सहकारिता विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है.उपायुक्त सहकारिता ने बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति वसुधा और दुरेहा के प्रशासक एवं समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल जवाब तलब किया है.

उपायुक्त कार्यालय के अनुसार, बी-पैक्स कर्मचारियों (विक्रेताओं) की याचिका पर उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में ढिलाई को गंभीर लापरवाही माना गया है.विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आदेश के पालन से जुड़ी जानकारी और स्पष्टीकरण तुरंत प्रस्तुत किया जाए. दूसरी ओर, इस नोटिस के संदर्भ में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्यादित दुरेहा (शाखा नागौद) के समिति प्रबंधक ने अपना विस्तृत प्रतिवेदन सौंपते हुए स्थिति साफ की है. उन्होंने दावा किया है कि उचित मूल्य दुकान पॉसी में विक्रेता संतोष कुमार द्विवेदी की नियुक्ति पूरी तरह नियमों के अनुरूप और वैधानिक थी. समिति प्रबंधक के मुताबिक अप्रैल 2015 में संचालक मंडल के प्रस्ताव के बाद स्थानीय समाचार पत्र और सूचना पटल पर पारदर्शी तरीके से विज्ञापन जारी किया गया था.

पात्र अभ्यर्थियों के चयन के बाद कार्यकारिणी ने प्रस्ताव पारित कर इसकी सूचना उपायुक्त सहकारिता को भेजी थी. इसके बाद जुलाई 2015 में उपायुक्त कार्यालय ने वित्तीय क्षमता और आवश्यकता को देखते हुए इस नियुक्ति की विधिवत अनुमति भी प्रदान की थी.

प्रदेश में किसानों की आत्महत्या के मामले बढ़े : धर्मेन्द्र

किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने किसानों के मामले में सरकार पर लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

सतना 2 अगस्त, प्रदेश सरकार किसानों के मामले में गम्भीर नहीं है.वर्तमान में यह स्थिति है कि हर दिन दो किसान प्रदेश में आत्महत्या कर रहे हैं.सरकार का ध्यान इस ओर नहीं है.ऊपर से खाद,बीज के रोज बढ़ रहे दाम किसानों के लिए और समस्या बढ़ाते जा रहे हैं.

यह बात किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने पत्रकारों से स्थानीय सर्किट हाउस में चर्चा करते हुए कहीं.इस मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय और प्रदेश पदाधिकारी राजभान सिंह उपस्थित थे.श्री सिंह ने आवारा पशुओं की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलानाथ ने सरकारी तौर पर गौशाला निर्माण की बहुउद्धेशीय योजना बनाई थी.वर्तमान सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है.इन परिस्थितियों में आवारा जानवर किसानों की फसल उजाड़ रहे हैं.शासन और प्रशासन मौन साधे हुए है.उन्होने बताया कि लगातार खाद की कीमतों में हो रही वृद्धि से किसान कर्जदार बनता जा रहा है.उसे सरकार की ओर से किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल रही है.न्यूनतम मूल्य पर सरकारी खरीदी में भी किसानों को उसकी उपज का पूरा लाभ नहीं दिया जा रहा है.मूंग की सरकारी खरीद में प्रति एकड़ 25 प्रतिशत की खरीद कर सरकार व्यापारियों को अतिरिक्त लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है.

मरौहा से लापता महिला का 1 दिन बाद नहर में मिला शव

आक्रोशित परिजनों ने सतना-रीवा मार्ग पर किया विरोध प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सतना 2 अगस्त. लापता महिला का शव 1 दिन बाद नहर में मिलने की घटना से लोग इस कदर आक्रोशित हो गए कि उन्होंने सतना-रीवा मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. इस मामले में जहां मृतका के पति का कहना है कि अस्पताल में दिखाने के बाद पत्नी को विद्यालय के सामने छोड़ दिया था. वहीं दूसरी ओर मृतका के माएके पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या कर करने का गंभीर आरोप लगाया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत मरोह गांव की निवासी 22 वर्षीय महिला सरस्वती दाहिया की तबियत कुछ गड़बड़ थी. जिसके चलते पति राजकुमार उसे दिखाने के लिए शनिवार को माधवगढ़ आया था. जहां पर दिखाने के बाद उसने पत्नी को शासकीय विद्यालय के सामने छोड़ दिया और फिर मटेहना की ओर चला गया. लेकिन जब घर पहुंचने पर मालुम हुआ कि सरस्वती वापस नहीं पहुंची तो खोजबीन शुरु की. इसी कड़ी में थाने पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत की. लेकिन इस मामले में गंभीर मोड़ तब आ गया जब रविवार को बरहा गांव के निकट नहर में महिला का शव पाया गया. जिसकी पहचान सरस्वती के तौर पर हुई. इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतका सरस्वती के माएके पत्रा के लोग इटौरा गांव से वहां पहुंच गए. माएके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि पति राजकुमार ने सरस्वती की हत्या कर उसके शव को नहर में फेंक दिया है.

आधे घंटे बाधित रहा मार्ग

देखते ही देखते आक्रोशित माएके पक्ष के लोगों ने सतना-रीवा मुख्य मार्ग पर कृपालपुर में शहीद पार्क के सामने विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. जिसके कारण उक्त मार्ग बाधित हो गया. घटना की जानकारी मिलने पर कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइस देनी शुरु की. पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन मार्ग से हटने को राजी हो गए. जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया. पुलिस के अनुसार विस्तृत पीएम रिपोर्ट मिलने पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

बादलों के रुठने से जिले में अब तक 17 फीसदी कम बारिश

अगले कुछ दिनों में हालात सुधरने के आसार

नवभारत न्यूज

सतना 2 अगस्त. मानसून के सक्रिय होते ही एक ओर जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे थे. लेकिन पिछले सप्ताह भर से जिस तरह बादल रुठे-रुठे नजर आ रहे हैं. उसकी वजह से लोगों के उमस भरी गर्मी से हलाकान होने के साथ ही किसानों के चेहरे पर अपनी फसल को लेकर चिंता मंडराने लगी है.

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से लेकर अब तक हुई बारिश के आंकड़ों पर यदि नजर डाली जाए तो सतना में अब तक 17 प्रतिशत कम बारिश हुई है. बीते एक महीने के कालखण्ड में 456.4 मिमी बारिश हो जानी चाहिए थी. लेकिन इस दौरान अब तक केवल 376.9 मिमी बारिश ही दर्ज हो चुकी है. इस लिहाज से 1 जून से लेकर अगस्त तक सतना में दीर्घावधि वर्षा औसत से 17 प्रतिशत कम दर्ज की गई है. जिसका सीधा असर खेतों में लगी धान और सोयाबीन की फसलों पर पड़ता हुआ देखा जा सकता है. हलांकि वातावरण में मौजूद नमी और अलग अलग स्थानों पर होने वाली छुटपुट वर्षा के चलते फिलहाल फसलों को नुकसान होना शुरु नहीं हुआ है. लेकिन किसानों की चिंता है कि यदि आने वाले दिनों में भी बादल ऐसे ही रुठे रहे तो उनकी फसल सूखने लग जाएगी. इसी कड़ी में पिछले सप्ताह भर से बारिश का दौर रुके होने के कारण अधिकतम तापमान में सामान्य की तुलना में जहां 1 से लेकर 3 डिग्री की बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है. वहीं दूसरी ओर न्यूनतम तापमान भी सामान्य की तुलना में लगभग 1 डिग्री चढ़ा नजर आ रहा है.

राहत भरा होगा सप्ताह

मौसम विभाग के अनुसार मौसमी गतिविधियों में स्पष्ट बदलाव शुरु होने की संभावना बन रही है. जिसके चलते सतना सहित विंध्य क्षेत्र में 4 अगस्त से बारिश का नया दौर शुरु हो सकता है. इसी कड़ी में यह संभावना भी जताई जा रही है कि अगले कुछ दिनों में कहीं कहीं भीषण बारिश की घटना भी सामने आ सकती है. जिसह्यका एलर्ट आने वाले दिनों में जारी किया जा सकता है.

रैगांव को आदर्श विधानसभा बनाने का संकल्प : प्रतिमा

▶ बरबारू में पीसीसी सड़क का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

सतना 02 अगस्त, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को ग्राम पंचायत मोरा-दुर्गापुर अंतर्गत ग्राम बरबारू में नवनिर्मित पीसीसी सड़क का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिंहपुर मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि उनका लक्ष्य रैगांव विधानसभा क्षेत्र को मध्यप्रदेश की एक आदर्श विधानसभा बनाना है। उन्होंने बताया कि बीते दो वर्षों में क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है और सिंचाई, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि बरगी व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत 17 वर्षों बाद स्लीमनाबाद (कटनी) टनल का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे सतना जिले की लगभग 1.25 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। इसमें से 52,600 हेक्टेयर भूमि रैगांव विधानसभा क्षेत्र की है, जिससे इस क्षेत्र के किसानों को सबसे अधिक लाभ प्राप्त होगा। सड़क विकास के संबंध में उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के 12 मार्ग (77 किलोमीटर) 53.88 करोड़ रूपये की लागत से पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 13 मार्गों पर कार्य प्रगति पर है और 13 मार्ग निविदा प्रक्रिया में हैं।

सरला सिंह का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

नवभारत न्यूज

सतना 2 अगस्त, जिला सलाहकार अभिषेक सिंह की पूजनीय बड़ी मम्मी स्वर्गीय श्रीमती सरला सिंह (धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री दिनेश सिंह) का रविवार, 02 अगस्त 2026 को प्रात: 5.00 बजे 73 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।

स्वर्गीय श्रीमती सरला सिंह का जन्म 04 जनवरी 1953 को हुआ था। वे अत्यंत सरल, स्नेहमयी, ममतामयी एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में परिवार को प्रेम, संस्कार, सेवा एवं मानवीय मूल्यों की अमूल्य सीख दी। उनका स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदैव परिवारजनों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। दिवंगत आत्मा का अंतिम संस्कार रविवार, 02 अगस्त 2026 को उनके निज निवास ग्राम देवमऊ बरछा टोला, तहसील रामपुर बघेलान, जिला सतना में पूरे वैदिक रीति-रिवाज एवं परिवारजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके साथ ही वे पंचतत्व में विलीन हो गईं।

आईएमए ने ग्रीन कॉरिडोर पौधरोपण अभियान शुरू किया

नवभारत न्यूज

सतना 2 अगस्त, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना द्वारा भरहुत नगर में संचालित "ग्रीन कॉरिडोर वृक्षारोपण अभियान" का भव्य समापन समारोह रविवार, 2 अगस्त 2026 को मैथिली शरण गुप्त पार्क, भरहुत नगर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य डॉक्टर्स द्वारा वृक्षारोपण के लिए डोनेशन करते हुए पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण को बढ़ावा देना तथा समाज में वृक्षारोपण के प्रति जनजागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए सतना के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल ने की। इस अवसर पर आईएमए के सचिव डॉ. आलोक खन्ना, कोषाध्यक्ष डॉ. ललित गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ विपिन दुबे,अभियान की संयोजक डॉ. श्रीमती प्रतिभा दुबे,वरिष्ठ समाजसेवी श्री रमाकांत शुक्ला तथा मंडल अध्यक्ष श्री दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी 'शिब्बू' ,डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ सुनील अग्रवाल डॉ रश्मि अग्रवाल डॉ संजीव प्रजापति , संगीतज्ञ डॉ विनोद मिश्रा पार्षद शारदा तिवारी , पार्षद समर बहादुर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एक नजर में

लायंस परिवार का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह हुआ

सतना, लायंस परिवार सतना के छ: लायंस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह सत्र 2026-27 आज दिनांक 2 अगस्त को दोपहर 1:00 बजे स्थानीय पन्ना रोड स्थित उमा क्लब एण्ड रिसोर्ट के सभागार में आयोजित किया गया। लायन राजेश केशरवानी ने बताया कि उक्त गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल डि.3233 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक (एमजेएफ) रहे। शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन लायन मनोज्ञा सिंह (रीवा), गेस्ट का ऑनर लायन वीरेन्द्र आर्या (रीवा), एवं विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन लायन जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल', सागर अग्रवाल, व लायन वीरेन्द्र वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन अध्यक्ष लायन आलोक त्रिपाठी ने की।

शहीद स्मारक में अर्पित किया श्रद्धा सुमन

सतना, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद उत्तराधिकार परिवार समिति के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 2- 8- 2026 को 10.10 मिनट का कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित' शहीद स्मारक पार्क' में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर राष्ट्रगान किया गया, पूर्व महापौर ममता पांडे ने शहीदों के त्याग के बारे में बताया ।

विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की बैठक आज

सतना, विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा की मासिक बैठक गत माहो कि भाँति निर्धारित समय स्थान पर आज आयोजित की गई है ।जिसमे प्रान्तीय/क्षेत्रीय एवम शाखा के पदाधिकारी गण उपस्थिति रहेंगे ।बैठक मे विंकलांग पुत्र/पुत्री का नाम जो?ने कैशलेश कार्ड की जानकारी पेन्शन से सरांशी करण की जो कटौती बन्द थी उसे नियम विरुद्ध कटौती को रोकने 8अगस्त को शहडोल कार्यक्रम जाने एवम सतना के सम्मान समारोह की तैयारी पर चर्चा एवम पेंशनर्स हितैसी अन्य मुद्दों के साथ 2 अधीक्षण यंत्री वार्ता आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

नशामुक्ति अभियान आत्म जागृति, चरित्र निर्माण का जन आंदोलन

10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का हुआ भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सतना, 02 अगस्त जिला स्तरीय 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। नशा मुक्ति की शपथ और जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कृष्णा नगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर नशा मुक्ति की शपथ ली। जन-जागरूकता एवं बैनर प्रदर्शन के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत-विकसित भारत विषय पर प्रसारित राष्ट्रीय उद्बोधन का सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण देखा और सुना। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि आज हम सभी जिस अभियान के साक्षी बन रहे हैं.

रोको टोको अभियान जरूरी : क्रांति

डिग्री कॉलेज प्रोफेसर क्रांति मिश्रा ने बताया कि नशा को रोकने के लिए रोको टोको अभियान चलाना चाहिए। स्वास्थ्य भारत के लिए भारत को पहले नशा मुक्त होना पड़ेगा। नशे को रोकने के लिए नशा करने वाले को टोकना शुरू करना पड़ेगा। लोग मंदिर के सामने गुटके के रूप में जहर बेचा जा रहा है।

प्रदेश के 15 जिलों में शामिल : शुक्ला

सामाजिक न्याय विभाग कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि इस नशा मुक्ति अभियान की बागड़ोर इस मंत्रालय को सौंपा। 15 अगस्त 2020 को इस 272 जिलों में एक साथ नासा मुक्त भारत की शुरुआत की गई। इन 272 जिलों में 15 जिले मध्य प्रदेश के शामिल थे। सतना मैहर भी शामिल थे। 2020 से लगातार नशा मुक्त और विकसित भारत का काम चल रहा है।

नशे से परिवार तबाह : द्विवेदी

महिला एवं बाल विकास सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी ने बताया कि नशे से प्रभावित जो हमारे युवा है उनको हमने नजदीक से देखा है । नशे के कारण पूरा परिवार तबाह हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति किसी लायक तो बचा नहीं है। इससे बड़ी त्रासदी नहीं हो सकती है। एक मानव को अपने सामने खत्म होते देख रहे है।

हम कितने आत्मविश्वासी : डॉ .पाण्डेय

इन्द्रा गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य अंजनी पाण्डेय ने बताया कि सागर के विकास की संरचना में एक बूंद से बनती है देश के विकाश के बारे में सोचने से पहले अपने आप को सोचे कि हम कितने आत्मविश्वासी है। कितने साहसी है, कितना सत्य का साथ दे रहे हैं, कितना दूसरों के लिए काम आ रहे है ।जीना तो सामान्य जरूरत है जो हर कोई पूरी करता है। हम बदलेंगे तो युग बदलेगा ।हम आचरण सही करे तो समाज सुधार जाएगा।